पीएम मित्र पार्क की तर्ज पर प्रदेश में बनेंगे 10 नए टेक्सटाइल पार्क : योगी

पीएम मित्र पार्क परियोजना की इन्वेस्टर्स मीट : सीएम ने तय किया यूपी को टेक्सटाइल हब बनाने का लक्ष्य

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में दस जिलों में दस नए टेक्सटाइल पार्क बनेंगे। ये पार्क पीएम मित्र पार्क का ही विस्तारित रूप होंगे। देश के सबसे बड़े पीएम मित्र पार्क परियोजना की इन्वेस्टर्स मीट को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि जहां जितनी पुरानी मानव सभ्यता है, वहां कृषि और वस्त्र उद्योग सबसे समृद्ध रहा है। यही वजह है कि प्राचीन सभ्यताओं को समेटे यूपी टेक्सटाइल का सबसे बड़ा गढ़ बन सकता है।

शनिवार को गोमती नगर स्थित होटल में आयोजित इन्वेस्टर्स मीट में सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को दुनिया के टेक्सटाइल हब के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य तय किया है। हमने प्रदेश में आठ वर्ष में सकारात्मक माहौल तैयार किया है। 33 सेक्टोरल पॉलिसी के साथ निवेश मित्र के माध्यम से 500 से ज्यादा क्लीयरेंस एक पोर्टल पर दिए जा रहे हैं।

एमओयू की मॉनिटरिंग के लिए निवेश सारथी है। उन्होंने कहा कि वह खुद मॉनिटरिंग करते हैं कि एमओयू के बाद क्या समस्या आ रही है। फिर उसे दूर करने का रास्ता निकालते हैं।

लखनऊ के गोमती नगर स्थित एक होटल में इन्वेस्टर्स मीट में लाभार्थी को प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान करते सीएम योगी। साथ में मंत्री राकेश सचान। -अमर उजाला

दो नए एमओयू, 50000 को मिलेगा रोजगार

उत्तर प्रदेश हैंडलूम, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल एवं गारमेंटिंग पॉलिसी-2017 के तहत 80 निवेशकों को 210 करोड़ की प्रोत्साहन राशि दी गई। उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल एवं गारमेंटिंग पॉलिसी-2022 के तहत 44 निवेशकों को 768 करोड़ की परियोजनाओं के लिए लेटर ऑफ कम्फर्ट दिए गए। पहले से हस्ताक्षरित 80 एमओयू में 4200 करोड़ का निवेश शामिल है। इस बार दो नए एमओयू हुए, जिनमें आरआर जैन इंडस्ट्रीज व ओखला गारमेंट एंड टेक्सटाइल क्लस्टर ने 700 करोड़ निवेश करेंगे। इसके जरिये 50000 से ज्यादा रोजगार आएंगे।

वस्त्र उत्पादन में प्रदेश देश में तीसरे स्थान पर : सीएम ने कहा कि रेडीमेड गारमेंट्स में अनंत संभावनाएं है। गंगा एक्सप्रेसवे बनने के बाद देश के 55% एक्सप्रेसवे यूपी में होंगे। यूपी 13% वस्त्र उत्पादन के साथ देश में तीसरे स्थान पर है और यह सेक्टर 30% को रोजगार दे रहा है। योगी ने कहा कि काशी और अयोध्या केवल आध्यात्मिक चिंतन का आधार नहीं थीं, बल्कि यहां समृद्धि को भी नई ऊंचाई मिली। वहां वस्त्र उद्योग अनंत काल से था।

टेक्सटाइल पार्क में उद्यमियों को ढेरों प्रोत्साहन की सौगात

एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने बताया किपीएम मित्र पार्क लखनऊ, उन्नाव, कानपुर, हरदोई के करीब है। यह पार्क देश का एकमात्र ऐसा पीएम मित्र पार्क है जो किसी राज्य की राजधानी जिले में स्थित है। पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क में लगने वाली इकाइयों को उत्तर प्रदेश वस्त्र एवं गारमेंटिंग नीति-2022 के तहत लाभ मिलेंगे। इसमें 25% भूमि लागत सब्सिडी, प्रति यूनिट 2 रुपये की दर से बिजली सब्सिडी और स्टाम्प ड्यूटी में 100% छूट शामिल है।

- केंद्र सरकार पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर कुल बिक्री का 3 फीसदी प्रोत्साहन राशि देगी। प्लांट और मशीनरी पर 25 फीसदी पूंजीगत सब्सिडी (पूर्वांचल और बुंदेलखंड में 10% अतिरिक्त), बैंक ऋण पर 60% ब्याज सब्सिडी और बुनियादी ढांचे के लिए 50% परियोजना लागत तक की सहायता शामिल है। नई इकाइयों को 10 साल तक विद्युत शुल्क में 100% छूट और मेगा व सुपर मेगा गारमेंटिंग इकाइयों को प्रति श्रमिक 3200 रुपये प्रति माह की रोजगार सृजन सहायता भी दी जाएगी।